संख्या-5891। इजेड/6-89-27के0वी/88

प्रेषक,

श्री मुकुट शरण श्रीवास्तव,
[illegible],
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

[illegible] त्रिपाठी,
उत्तर प्रदेश ।

[illegible] अनुभाग-

लखनऊ: दिनांक: 27 मार्च, 1989

विषय:- स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं दिवंगत प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों की यादगार में निर्मित/निर्माणाधीन स्मारकों/मूर्तियों के रख-रखाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादगार को चिरस्थायी बनाने के लिए बने स्मारकों का निर्माण कार्य तथा दिवंगत प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्ति की स्थापना का कार्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के माध्यम से सार्वजनिक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभिवंयण सेवा/उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है । इस समय प्रदेश में कुछ स्मारकों ——— का निर्माण पूरा हो चुका है, कुछ स्मारक निर्माणाधीन हैं और अन्य स्मारकों के निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त भी जनपदों में निजी संस्थाओं द्वारा इस प्रकार का निर्माण कराया जा रहा है । अभी तक उक्त स्मारकों/प्रतिमाओं के रख-रखाव के बारे में कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं थी, कि इनका रख-रखाव कैसे हो और किसके द्वारा किया जाय ।

उक्त प्रश्न पर शासन स्तर पर विचार कर सिद्धान्त रूप में यह निर्णय किया गया है कि इनके रख-रखाव का उत्तरदायित्व स्थायी रूप से स्थानीय निकायों को ही सौंपा जाय । उक्त निर्णय को कार्यान्वित करने में कुछ समय लगने की सम्भावना है ।

—2—

अतः अन्तरिम व्यवस्था के रूप में, आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने जनपद में निर्मित/निर्माणाधीन स्मारकों/प्रतिमाओं एवं उनसे लगे स्थलों के रख-रखाव का कार्य जिला प्रशासन द्वारा कराये जाने की व्यवस्था करने का कष्ट करें तथा आवश्यकतानुसार कृपया अपने जनपद में इस कार्य हेतु स्थापित सार्वजनिक संस्थाओं का भी सहयोग प्राप्त कर लें ।

भवदीय,

मुकुट शरण श्रीवास्तव
उप सचिव ।

पत्र संख्या-539/11(1)/96 वेड/6-89, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. मंत्री, उ0प्र0स्वतंत्रता सेनानी कल्याण संस्थान, बी0-745, सेक्टर-सी0, सुदामनगर, लखनऊ ।
2. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, लखनऊ ।
3. प्रबन्ध निदेशक, राजकीय निर्माण निगम, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
4. मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, 328 तृतीय तल, ज्वाहर भवन, लखनऊ ।

आज्ञा से,

मुकुट शरण श्रीवास्तव ।
उप सचिव ।